21072024-DTM-05_27DT02A.qxd 7/20/2024 10:14 PM Page 1



## खबर है...

### जगदीश खुराना बने भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष



कैथल भारतीय किसान संघ के नवनियुक्त पदाधिकारी। -हप्र

**कैथल (हप्र) :** भारतीय किसान संघ का जिला कार्यकारिणी का चुनाव क्योड़क गांव की बीरबल व गुलाबा पट्टी चौपाल में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी के तौर पर प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह चौहान यमुनानगर व संगठन मंत्री सुंदरलाल, प्रदेश गन्ना आयाम प्रमुख प्रताप सिंह खजूरी उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया से पहले दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात पहले वाली जिला कार्यकारिणी को भंग करने के बाद खंड अध्यक्षों के द्वारा जगदीश खुराना का नाम अध्यक्ष पद के लिए और पाला राम क्योड़क का नाम जिला मंत्री पद के लिए प्रस्तावित किया गया। इस पर सभी कार्यकर्ताओं ने ओम की ध्वनि के साथ सहमति जताई। खंडों के चुनाव में जसवंत रसूलपुर को सीवन खंड के लिए, हरपाल सिंह को कलायत खंड के लिए, प्रेम सिंह खेड़ी को ढांडा खंड के लिए, शीशपाल म्योली को पुंडरी खंड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जगदीश खुराना व जिला मंत्री पाला राम क्योड़क को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और सभी खंड अध्यक्षों का फूल मालाओं से सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश कुमार ग्योंग, प्रदेश प्रवक्ता रणदीप सिहं आर्य, प्रांत मंत्री गुलतान सिंह नैन, राम मोहना, कृष्ण करोड़ा, कुलदीप सिंह करोड़ा, सुरेंद्र करोड़ा, दीपक वालिया, अरुण वालिया, महावीर धोंस, ईश्वर म्योली, शीशपाल खुराना, सुखपाल खुराना, बुधराम खुराना, देव सिंह, सोनू माजरा, भीरा राम ग्योंग, कर्मवीर सरपंच ग्योंग, नरेंद्र नैन, वकील सिंह नैना, शेरा कठवाड़, कुलदीप सिंह क्योड़क, कृष्ण क्योड़क, विक्रम क्योड़क, ओमपाल क्योड़क, जसबीर क्योड़क, सुभाष क्योड़क, सेठपाल क्योड़क, नरेंद्र चंदलाना उपस्थित रहे।


### स्कूल में छात्र कार्यकारिणी समिति का चुनाव




उकलाना के आरडीएम सरस्वती विद्यालय में मत पेटी के साथ स्कूल के चेयरमैन। -निस

**उकलाना मंडी (निस) :** आरडीएम सरस्वती विद्यालय में छात्र कार्यकारिणी समिति के लिए लोकतंत्र पर्व आयोजित किया गया। विद्यालय में हेड बॉय वह हेड गर्ल के लिए कक्षा 12वीं के साहिल, आकाश, योगेश, नीतिका, नैंसी व दीक्षा ने वॉइस हेड गर्ल के लिए कक्षा ग्यारहवीं के अनुज, भूपेन गोयल, मोहित जैन व खुशी ने तथा स्पोर्ट्स कैप्टन के लिए गुरमीत में अर्शदीप ने नामांकन पत्र दाखिल किया। लोकतंत्र पर्व में कक्षा नौवीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया व चुनाव प्रक्रिया को बारीकी से समझा। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डॉ. केसी शर्मा व प्रधानाचार्या डॉ. शालू एस.कटारिया ने हमारा लोकतंत्र- हमारा अधिकार व स्कूल परिवार तथा समाज के प्रति कर्तव्य बताते हुए कर्तव्य-निर्वाहन के लिए प्रेरित किया।

### पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने संघर्ष समिति को दिया समर्थन



**कुरुक्षेत्र (हप्र) :** हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर बिरला मंदिर परिसर की जमीन बेचकर मार्केट काटने के मामले की कड़ी निंदा करते हुए कहा की किसी भी कीमत पर बिरला मंदिर का अस्तित्व खत्म नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने भारतीय नौजवान सभा के प्रधान एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक शर्मा पहलवान द्वारा बिरला मंदिर बचाओ अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि उनकी पार्टी तथा वह स्वयं बिरला मंदिर का अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष समिति के साथ हैं तथा नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं जो भी निर्णय लेंगी उसमें वह बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन से मांग की कि सारे मामले की जांच करवाकर रजिस्ट्रियां रद्द की जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। अरोड़ा ने कहा कि बिरला मंदिर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की एक ऐतिहासिक धरोहर है।

### जनता कॉलेज कौल के दो छात्रों का शानदार प्रदर्शन



कैथल जनता कॉलेज कौल के छात्रों को सम्मानित करते प्राचार्य ऋषिपाल। -हप्र

**कैथल (हप्र) :** जनता कॉलेज कौल के दो छात्रों चिराग और राहुल ने सत्र 2023-24 में आयोजित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा में क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय और गांव का नाम रोशन किया है। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने बताया कि चिराग बीएससी स्पोर्ट्स के छात्र ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में टॉप करते हुए द्वितीय स्थान और महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बीएससी स्पोर्ट्स तृतीय वर्ष के छात्र चिराग ने भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तृतीय स्थान और महाविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इन दोनों छात्रों के कालेज पहुंचने पर इनका जोर-शोर से स्वागत करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी गई।

### एनआईआईएलएम में विशेष व्याख्यान आयोजित



कैथल एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय व्याख्यान के दौरान उपस्थित श्रोता। -हप्र

**कैथल (हप्र) :** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में संयुक्त राष्ट्र के जीरो हंगर कार्यक्रम के तहत विशेष ऑन लाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर उमा रले यूनिवर्सिटी ऑफ बॉम्बे ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के जीरो हंगर कार्यक्रम का का लक्ष्य सभी को खाद्य सुरक्षा, पोषण, समावेशी, टिकाऊ और लचीली कृषि के महत्व को बताने के लिए और दुनिया को भूख, कुपोषण और ग्रामीण गरीबी से मुक्त बनाना है। इसके अलावा सभी के लिए बुनियादी सेवाओं की पहुंच प्रदान करना और सभी के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. राजीव दहिया, डीन एकेडमिक्स प्रो. आरके गुप्ता, डीन कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डॉ. रेखा गुप्ता, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमार एवं सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### आढ़ती एसोसिएशन कल लगायेगी विशाल भंडारा

**घरौंडा (निस) :** नयी अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन घरौंडा के सहयोग से नगर की सुख-शांति के लिए इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए विशाल भंडारे का आयोजन सोमवार 22 जुलाई को किया जा रहा है। यह जानकारी मंडी एसोसिएशन के प्रधान डॉ. सुखबीर संधू ने यह जानकारी दी उन्होंने बताया कि सोमवार को प्रातः 9:00 मंडी शेड में हवन किया जाएगा।

## बाजारों के शटर बंद स्थिति तनावपूर्ण, डीएसपी ने आक्रोशितों को किया शांत

# पालिका की जमीन पर कब्जा हटाने गए प्रशासनिक अमले पर पथराव

रतिया, 20 जुलाई (निस)

शनिवार सुबह शहर की अग्रवाल धर्मशाला व सती मंदिर के समीप पिछले करीब 8 दशकों से नगर पालिका की जमीन पर आशियाना बना कर बैठे दर्जनों परिवारों से जमीन खाली करवाने पहुंचे प्रशासनिक अमले पर संबंधित परिवार के लोगों ने उस समय पथराव शुरू कर दिया, जब अधिकारियों ने जेसीबी मशीन चलाने के आदेश दे दिए।

उल्लेखनीय है कि सती मंदिर के सामने अग्रवाल धर्मशाला के पीछे नगरपालिका की करीब 3 कनाल 3 मरले जमीन पर पिछले काफी अरसे से ही एक चौकीदार की चौथी पीढ़ी के परिवार के लोग रहते हैं।

बताया जाता है कि नगर पालिका ने पिछले दिनों प्रस्ताव डालकर संबंधित जमीन को शहर की एक संस्था को धर्मशाला के निर्माण के लिए अलाट किया था। शनिवार सुबह जिला उपयुक्त के आदेश पर प्रशासनिक अमला ड्यूटी मैजिस्ट्रेट एवं नायब तहसीलदार अशोक कुमार, नगर पालिका सचिव संदीप भुक्कल, कनिष्ठ अभियंता हवा सिंह, एमई सुनील लांबा, शहर थाना प्रभारी जय सिंह, सदर थाना प्रभारी ओम प्रकाश, महिला पुलिस अधिकारी प्रियंका सहित सैकड़ो नगर पालिका कर्मचारी भारी पुलिस दल के साथ जेसीबी मशीनें लेकर कब्जा हटाने के लिए बस्ती में पहुंच गए।

हालांकि इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने बस्ती के लोगों को स्वयं बस्ती खाली करने का आह्वान किया था, लेकिन अधिकारियों की मौजूदगी में ही इन्कलाबी नौजवान सभा के अध्यक्ष एवं पार्षद गुरप्रीत गोपी के अलावा अन्य प्रतिनिधियों ने परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में ही प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। अधिकारियों से गरीबों को न उजाड़ने का आह्वान किया, लेकिन अधिकारियों ने जेसीबी मशीन चलाने के आदेश दे दिए। जैसे ही उपरोक्त जेसीबी मशीन बस्ती के कच्चे मकानों की तरफ बढ़ने लगी तो परिवार के लोगों ने विरोध शुरू कर दिया, इसके पश्चात पुलिस ने परिवार के लोगों को हिरासत में लेकर बस में बैठा लिया।

इसके बाद परिवार के लोगों में और अधिक गुस्सा फैल गया और उन्होंने पुलिस की बस पर पथराव शुरू कर बस के शीशे आदि तोड़ दिए। पथराव शुरू होने के पश्चात पूरी मार्केट में ही भगदड़ मच गई और दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानें बंद कर ली।

### डीएसपी ने संभाली कमान

पथराव एवं बस के शीशे टूटने के पश्चात क्षेत्र में फैले तनाव को देखते हुए डीएसपी संजय बिश्नोई भारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने कमान संभालते हुए परिवार के लोगों को शांत किया। हालांकि इस दौरान भी महिलाओं व बच्चों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष काफी विरोध भी किया। डीएसपी ने सहज भाव से ही सभी को समझाते हुए उनके घरों में पड़े घरेलू सामान को सुरक्षित बाहर निकलवा दिया और जेसीबी मशीनों के सहयोग से पूरा कब्जा हटवा दिया। बस्ती के लोगों विशेषकर महिलाओं ने अधिकारियों व नेताओं पर गंभीर आरोप भी लगाए और कहा कि वह गरीब लोग हैं, इसलिए उनकी सुनवाई नहीं होती है। इन लोगों का कहना था कि शहर में नगर पालिका की जमीन पर बड़े-बड़े रसूखदार लोगों ने कब्जे किए हुए हैं, लेकिन उन्हें कोई नहीं छेड़ता है।

## भाजपा की जुमलेबाजी अब जनता समझ गयी : बृजलाल

उकलाना मंडी, 20 जुलाई (निस)



भाजपा की नाटकबाजी, जुमलेबाजी जनता को अब समझ आ गयी है और अब जवाब देने का समय आ गया है। इस बार प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं बनने वाली है। वही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन बृजलाल ने इस सरकार में आम वर्ग का जीना मुहाल हो गया है। चाहे किसान, मजदूर व व्यापारी वर्ग हर कोई इससे पीड़ित है। मजदूरों को मजदूरी व काम नहीं मिलता है तो किसानों को उनकी फसलों का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है, वहीं व्यापारी वर्ग की सुरक्षा तक नहीं कर पा रही है मौजूदा सरकार।

प्रदेश में व्यापारियों को व्यापार करना मुश्किल हो गया है। इसके कारण भय और आंतक माहौल है। बृजलाल ने कहा कि प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार बनेगी तो गरीबों के प्रति विशेष ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में मंहगाई, गरीबी और बेरोजगारी से प्रदेश की जनता दुःखी व परेशान है। सरकार बनते ही इसे आर्थिक नीतियों में तब्दील किया जाएगा।

## 'सिद्धांतों एवं आदर्शों पर आधारित पार्टी है भाजपा'



करनाल के असंध में जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा शनिवार को कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। -हप्र

करनाल, 20 जुलाई (हप्र)

भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने आज पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस असंध में असंध मंडल की विस्तारित मंडल कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और उन्हें आगामी होने वाले पार्टी के कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित पार्टी है।

यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता अपनी मेहनत के दम पर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष के पदों पर विराजमान होते हैं, जबकि विपक्ष में परिवारवाद के कारण परिवार के लोग ही बड़े पदों पर पहुंचते हैं।

जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने बताया कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। पीएम मोदी ने देश की महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, गरीबों के लिए, किसानों के लिए बड़ी तेज गति से जबरदस्त काम किए हैं। सब्जी मंडी की बात करें तो हमारे सब्जी मंडी के किसानों के लिए हरियाणा सरकार ने भावांतर भरपाई योजना एवं किसानों को सम्मान निधि देकर उसे मजबूत करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा दो तिहाई बहुमत हासिल करके तीसरी बार सत्ता में लौटेगी और नायब सैनी के सर पर फिर एक बार मुख्यमंत्री का ताज सजेगा।

इस दौरान पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क, पूर्व विधायक जिले राम शर्मा, नगरपालिका चेयरमैन सतीश कटारिया, असंध विधानसभा क्षेत्र-1 सज्जन अत्री, प्रदीप टाटा, मंडल महामंत्री विनय राणा, वीरेंद्र बजाज, पूर्व चेयरमैन हरबीर, एवम समस्त असंध मंडल की मंडल कार्यकारिणी मौजूद रही।

## सरकार बनने पर सभी समस्याओं का करवायेंगे समाधान : विजय जैन



पानीपत ग्रामीण हलके के हरि सिंह चौक पर आयोजित सेन समाज की सभा को संबोधित करते कांग्रेस नेता विजय जैन। -हप्र

पानीपत, 20 जुलाई (हप्र)

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय जैन ने पार्टी द्वारा चलाये जा रहे हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के तहत शनिवार को पानीपत ग्रामीण हलके के हरि सिंह चौक के पास नूरवाला में डोर टू डोर जन संपर्क अभियान चलाकर भाजपा की विफलताओं व कांग्रेस पार्टी की नीतियों की जानकारी दी गई।

वहीं, हरि सिंह चौक पर सैन समाज द्वारा आयोजित सभा में समाज के महासचिव दीपक सैन के नेतृत्व में अनेक लोगों ने फूल माला व पगड़ी पहनाकर विजय जैन का स्वागत किया गया। समाज के प्रधान राकेश सोरन व लवकेश सैन ने भी चुनाव के दौरान समर्थन का आश्वासन दिया गया। वहीं, कांग्रेस नेता विजय जैन ने कहा कि सेन समाज ने जो पगड़ी पहनाई है, उसको कभी झुकने नहीं देंगे और सरकार बनने पर समाज की सभी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने अपनी कालोनियों की कई समस्याएं रखी गई, जिस पर विजय जैन ने भरोसा दिया कि सरकार बनने पर पानीपत ग्रामीण हलके का चहुंमुखी विकास करवाया जाएगा और सभी लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।

इस अवसर पर लवकेश सैन, बाबू सैन, नरेश सैन, अजय सैन, रिंकू सैन, राजवीर सैन, रमेश सैन, रीमा सैन, फूलवती सैन, मांगेराम सैन, अनुज सैन, प्रेम सैन, रामपाल सैन व प्रवीण सैन सहित भारी संख्या में सैन समाज के व्यक्ति मौजूद रहे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. नं. | बोर्ड/ निगम/ अथारिटी का विवरण | कार्य निविदा सूचना का विवरण | खोलने की तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ धरोहर राशि (अनु.) रु. में | बोर्ड / निगम अथारिटी की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सूचना जन संपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | हरियाणा सरकार की प्रो-एक्टिव बेनिफिट स्कीम एंड सर्विसिज़ की पहुंच तथा प्रभाव के मूल्यांकन हेतु प्रस्ताव हेतु विनती (आरएफपी)। | 20.07.2024 26.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 9416284041 diprfield@gmail.com |

अधिक विवरण हेतु कृपया पधारें- www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in PRDH/11/2025/40/28041/I/11/4

**PUBLIC NOTICE**

Whereas, M/s Jagran Developer Ltd. having registered office at DSM 648, 6th Floor, DLF Tower, Shivaji Marg, (Najafgarh Road), Moti Nagar, New Delhi-110015 is developing Residential Plotted Colony in Sector 29-30, Kurukshetra which have been registered with the Hon'ble RERA Authority, Panchkula vide Registration No. HRERA-PKL-KRK-236-2021 dated 06.04.2021 (1.00 Acre).

And whereas M/s Jagran Developers Ltd has applied for continuation of RERA Registration for the Project namely "Kurukshetra Global City, Kurukshetra Phase-II" (Area 1.0 Acre) integrated part of larger Residential Plotted colony of 89 Acres in Sector 29-30, Kurukshetra.

And whereas, Hon'ble RERA Authority, Panchkula has directed for seeking of objections/suggestions from allottees and general public are hereby invited against the proposed continuation of RERA Registration for the Kurukshetra Global City, Kurukshetra Phase-II (1.0 Acre). Any objection on the said application for continuation of RERA Registration, may be filed in the office of the M/s Jagran Developers Ltd. DSM 648, 6th Floor, DLF Tower, Shivaji Marg, (Najafgarh Road), Moti Nagar, New Delhi-110015 within a period of 15 (fifteen) days of publication of this Public Notice, failing which it shall be assumed that there are no objections to the proposed continuation of Registration of RERA Registration.

**Authorized Signatory**
**Jagran Developers Ltd.**
**Registered Office at: DSM 648, 6th Floor, DLF Tower, Shivaji Marg, (Najafgarh Road), Moti Nagar, New Delhi-110015**
**Project: Kurukshetra Global City, Kurukshetra Phase-II**
**At Sector-29-30, Kurukshetra, Haryana**

**pnb Housing Finance Limited**

पंजी. कार्यालय : 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, केजी मार्ग, नयी दिल्ली-110001
फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
शाखा कार्यालय : एससीओ 218-219, दूसरी मंजिल, सेक्टर 12, भाग-1, सिटी सेंटर हूडा, करनाल-132001

**कब्ज़ा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खाते के समक्ष वर्णित तिथि को मांग सूचना/एं जारी की थी, जिसमें संबंधित कर्जदार/रों से, प्रत्येक खाते के समक्ष वर्णित बकाया राशि, सूचना/ओं की तिथि/उक्त सूचना/ओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

चूंकि कर्जदार बकाया राशि चुकाने में विफल रहा है/रहे हैं, अतः कर्जदार/रों तथा जनसाधारण को एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति/यों का कब्जा खाते के समक्ष वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

एतद्द्वारा, विशेष रूप से कर्जदार/रों को तथा जनसाधारण को सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति/यों के संबंध में संव्यवहार नहीं करें तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार उक्त बकाया राशि एवं उस पर ब्याज हेतु पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के सबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. नं. | ऋण खाता सं. | कर्जदार/ सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम | मांग सूचना की तिथि | बकाया राशि | कब्जा लेने की तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HOU/KAR/1117/449723 बी.ओ. : करनाल | श्री अजीत राजपाल तथा श्रीमती ज्योति Aji | 14.11.2023 | रु. 20,97,608.95 (केवल बीस लाख सतानवे हजार छह सौ आठ रुपये एवं पचानवे पैसे) दिनांक 14.11.2023 के अनुसार | 17.07.2024 (भौतिक) | मकान- गली नं. 2, वार्ड नं. 15, अबादी कृष्णपुरा, एमसी सीमा, पानीपत, हरियाणा अधीन, रकबा 40 वर्ग गज, माप 12x30 फुट, बिक्री नं. 6802 दिनांक 02.01.2018 के तहत, उप/संयुक्त रजिस्ट्रेशन आफिसर, पानीपत के पास, अजीत सिंह पुत्र श्री राजपाल के पक्ष में, सीमाएं हैं : उत्तर : स्ट्रीट, दक्षिण : पवन कुमार का मकान, पश्चिम : बलबीर सिंह का मकान, पूर्व : रामदास का मकान। |

स्थान : करनाल, दिनांकित : 20.07.2024 प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड।

**pnb Housing Finance Limited** Ghar Ki Baat

**परिशिष्ट IV-ए- अचल प्रापर्टियों की ई-नीलामी सार्वजनिक बिक्री सूचना**

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के रूल 8 (6) की व्यवस्थाओं के साथ पढ़े जाने वाले सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 अधीन अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजी. कार्यालय : 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, कस्तुरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

ब्रांच आफिस : एससीओ 218-219, द्वितीय तल, सेक्टर-12, पार्ट-1, सिटी सेंटर हूडा, करनाल-132001

सर्वसाधारण व विशेषतः कालम नं. 4 में वर्णित कर्जदारों/गारंटरों को सूचित किया जाता है कि कालम नं.-डी में वर्णित अचल प्रापर्टियां सुरक्षित क्रेडिटर के पास गिरवी/चार्ज्ड हैं, जिसका मै. पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (PNB HFL) के अधिकृत अफसर/सुरक्षित क्रेडिटर द्वारा (कालम नं.-सी में वर्णित) कन्सट्रक्टिव/फिजिकल कब्जा ले लिया गया है और इन्हें निम्न विवरणानुसार ''जैसे है जहां है'' ''जो भी है'' आधार पर बेचा जाएगा। अंततम संशोधित सिक्योरिटी इंट्रस्ट एनफोर्समेंट रूल्ज़, 2002 के रूल 8(6) और 9 अधीन कालम-ए में वर्णित संबंधित कर्जदारों/मोर्टगेजरों, जैसा भी मामला हो, के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (मालूम या नामालूम), एग्जीक्यूटर, प्रशासक, उत्तराधिकारियों, एसाइनियों को नोटिस जारी किया जाता है। बिक्री की विस्तृत शर्तों, प्रतिबंध के लिए मै. पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (PNB HFL) में सुरक्षित क्रेडिटर की वेबसाइट www.pnbhousing.com पर प्रदान किए लिंक का अवलोकन करें।

| लोन नं./ कर्जदार का नाम सह-कर्जदार/ गारंटर/ कानूनी वारिस का नाम (ए) | अपेक्षित राशि एवं तिथि (बी) | कब्जे की किस्म (सी) | गिरवी प्रापर्टी का विवरण (डी) | आरक्षित कीमत (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | बोली जमा कराने की अंतिम तिथि (जी) | बोली वृद्धि दर (एच) | निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई) | नीलामी की तिथि व समय (जे) | ज्ञात ऋणभार/ अदालती मामले, यदि हों (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| HOU/KAR/0118/483571 जोगिन्दर राज मल/ श्रीमती ममता पत्नी जोगिन्दर बी.ओ. : करनाल | रु. 29,14,766.05/- 17.11.2021 के अनुसार | (भौतिक) | मकान नं. 677, सेक्टर-30, अर्बन एस्टेट, कुरुक्षेत्र, थानेसर, कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136118, माप 85 वर्ग मीटर (101.66 वर्ग गज) श्रीमती ममता पत्नी जोगिन्दर के नाम पर, टाइटल डीड रजि. नं. 7,222 दिनांक 15.02.2018 के तहत, सीमाएं हैं : पूर्व : प्लाट अन्य मालिक, पश्चिम : सड़क, उत्तर : मकान नं. 678, दक्षिण : मकान नं. 676 | रु. 45,57,000/- | रु. 4,55,700/- | 22.08.24 | रु. 10,000/- | 13.08.2024 पूर्वा. 10:00 बजे से सायं 05.30 बजे के भीतर | 23.08.2024 अप. 12:30 बजे से अप. 02.30 बजे के भीतर | *निल/मालूम नहीं |

* भुगतान की तिथि तथा/या उसकी वापसी तक खर्च हुए आकस्मिक खर्चों, लागत, चार्जिज़ इत्यादि सहित लागू होने के अनुसार 18% वार्षिक भविष्य के ब्याज सहित। ** पीएनबी हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार कालम नं.-K में वर्णित को छोड़कर उक्त अचल/सुरक्षित परिसम्पत्ति के संबंध में कोई भी दायित्व/दावा नहीं है। इस तरह के किसी भी उजागर होने वाले दायित्व का भुगतान सफल खरीददार/बोलीदाता को खुद करना होगा। प्रस्तावित खरीददार/बोलीदाताओं को प्रार्थना की जाती है कि वे उक्त दायित्वों की स्वतंत्र रूप में जांच कर लें।

(1) आज तक, कालम नं.-K में वर्णित उक्त अचल प्रापर्टीज़/सुरक्षित परिसम्पत्ति को बेचने, पृथक करने तथा/या निपटारा करने से पीएनबी एचएफएल के अधिकारी पर कोई भी रोक आदेश तथा/या न्यायालय आदेश नहीं है। (2) प्रस्तावित खरीददार/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां पेशकश देने या निविदा/बोली आवेदन प्रपत्र जमा करवाने से पूर्व कालम नं.-के में वर्णित प्रक्रिया/पारित आदेशों आदि, यदि हो, जोकि PNBHFL के पास उपलब्ध दस्तावेजों के टाइटल तक ही सीमित नहीं है, की प्रक्रियाओं का स्वतंत्र निरीक्षण कर सकते हैं। बोलीदाता को बोली प्रपत्र सहित इस नीलामी की शर्तों एवं प्रतिबंधों पर हस्ताक्षर करना होगा। (3) कृपया नोट करें कि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 9(3) के अनुरूप, बोलीदाता/खरीददार उसी दिन या अधिकतम अगले कार्यदिवस को बिक्री मूल्य का 25% (धरोहर राशि, यदि कोई जमा करवायी गई हो, सहित) जमा करवाने के लिए कानूनी तौर पर बंधक है। बिक्री की पुष्टि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित क्रेडिट द्वारा बिक्री कीमत के 25% की प्राप्ति के बाद ही बोलीदाता के पक्ष में की जाएगी। बिक्री राशि का शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की प्राप्ति की तिथि से 15 दिनों के भीतर खरीददार द्वारा जमा करवाया जाए, अन्यथा बिक्री पुष्टि पत्र में वर्णित 15 दिनों की वैधानिक अवधि समाप्त होने के बाद की तिथि से 15 दिनों के भीतर बिक्री राशि के पार्ट भुगतान को अधिकृत अधिकारी जब्त कर लेंगे तथा सरफेसी एक्ट की व्यवस्थाओं के अनुसार प्रापर्टी/सुरक्षित परिसम्पत्ति को पुनः बेचा जाएगा। (4) मै. सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (कार्पोरेट कार्यालय - प्लाट नं. 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर-44, गुड़गांव, हरियाणा-122003 वेबसाइट- www.bankeauctions.com) ई-नीलामी द्वारा बिक्री आयोजित करने में अधिकृत अधिकारी की सहायता करेगी। प्रापर्टी के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने से संबंधित सहायता हेतु तथा किसी अन्य पूछताछ हेतु या रजिस्ट्रेशन हेतु आपको निम्न से को-आर्डिनेट करना होगा। Mr. Rahul Dua, Tol Free : 1800 120 8800, E-Mail: auction@pnbhousing.com, पीएनबीएचएफएल के अधिकृत व्यक्ति का है या www.pnbhousing.com देखें।

स्थान : करनाल दिनांक : 21.07.2024 DI-8093 हस्ता./- अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फायनांस लिमिटेड।

**NIILM University**
APPROVED BY GOVT. OF HARYANA & RECOGNIZED BY UGC

**पर्यावरण संरक्षण के लिए**

**10 हजार पौधे लगाने की शुरुआत**




एन.आई.आई.एल.एम. विश्वविद्यालय कैथल के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत समस्त जिले में दस हजार पेड़–पौधे लगाने के अभियान कि जो शुरुआत जिला कैथल के कोर्ट परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करके की गई थी, उसी कड़ी को आगे बढाते हुए एन.आई.आई.एल.एम. विश्वविद्यालय कैथल के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एस.डी.एम. श्री ब्रह्म प्रकाश जी, वशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला पुलिस डी.एस.पी. श्री उमेद सिंह जी, अति वशिष्ठ अतिथि के रूप में एक्साइज कमिश्नर श्री विपिन बेनीवाल जी ने शिरकत की। विश्वविद्यालय में पहुंचने पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर शमीम अहमद जी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य कैथल जिले में दस हजार पेड़ पौधे लगाने का है जिसकी शुरुआत कैथल के जिला कोर्ट परिसर से हो चुकी है और आज इसी कड़ी में विश्वविद्यालय प्रांगण में विश्वविद्यालय के हर कर्मचारी द्वारा एक पौधा लगाया गया है जिसकी देखभाल वे स्वयं करेंगे । इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री ब्रह्म प्रकाश जी ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार है और अगर हमें पृथ्वी पर आने वाली पीढियां के लिए जीवन सरल बनाना है तो उसके लिए पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है । एन.आई.आई.एल.एम. विश्वविद्यालय कि पर्यावरण संरक्षण मुहिम बहुत ही बड़ी मुहिम है जिसमें जिला प्रशासन हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। वशिष्ठ अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पुलिस उप निरीक्षक श्री उमेद सिंह जी ने कहा कि हम सबको पर्यावरण संरक्षण प्रहरी बनकर समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करनी होगी। एक्साइज कमिश्नर श्री विपिन बेनीवाल ने कहा कि अगर हमें धरती को प्राकृतिक आपदाओं से बचाना है तो ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होंगे और एन.आई.आई.एल.एम. विश्वविद्यालय का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय चेयरमैन श्री संदीप चहल जी, विश्वविद्यालय कुल सचिव डॉ राजीव दहिया जी विश्वविद्यालय निदेशक डॉक्टर बलराज ढांडा जी, डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर आर.के. गुप्ता जी, डीन कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डॉक्टर रेखा गुप्ता जी, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार जी एवं सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थीगण मौजूद रहे। इससे अगली कड़ी में एन.आई.आई.एल.एम. विश्वविद्यालय कैथल द्वारा गांवों में भी विशेष अभियान चलाकर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करके ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया जाएगा।

विज्ञापन